कार्यालय
अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

E-Mail ID
ee_cd_kannuaj@yahoo.com
eecdupjnkannauj@gmail.com

पत्रांकः– 1168 / 07721-3 / 104 दिनांकः–30/05/26

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय- दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन की सुस्त रफ्तार पर डीएम सख्त" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 30.05.2026 को दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन की सुस्त रफ्तार पर डीएम सख्त" के शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि फर्म मैसर्स वी0एस0ए0 को आवंटित 128 नग योजनाओं की समीक्षा दिनांक 30.05.2026 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा किया गया जिसमें से मात्र 13 नग योजनाओं का कार्य ही पूर्ण पाया गया एवं 115 योजनाओं पर महज 10 योजना पर कार्य निर्माणाधीन पाया गया तथा शेष में कार्य बन्द पाया गया। जिस कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्यन्त रोष प्रकट किया गया है। 76 गांव जहाँ पाइप लाइन लगभग पूर्ण है परन्तु पाइप लाइन ज्वाइंटिंग एवं टेस्टिंग फर्म द्वारा न करवाने के कारण जलापूर्ति चालू नहीं हो पाई है तथा शेष बचे हुए सड़क पुनर्स्थापना का कार्य जल्द ही कराने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है।

उक्त फर्म पर पूर्व में कार्यवाही के रूप में उच्चाधिकारियों द्वारा 2% निर्धारित क्षतिपूर्ति (liquidity damage) लगाया जा चुका है तथा वर्तमान में भी सुस्त रफ्तार होने के कारण खण्ड के पत्रांक संख्या 1173/FHTC – KNJ/29 दिनांक 21.05.2026 द्वारा 1% निर्धारित क्षतिपूर्ति (liquidity damage) लगाने हेतु फर्म को चेतावनी दी गयी है।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

भवदीय

( वी0 पी0 सिंह )
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः– / / दिनांकः–

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner